गोरेगांव की हवा होगी शुद्ध

■ रिपोर्टर, मुंबई: गोरेगांव इनॉर्बिट मॉल के करीब के परिसर की हवा कुछ हद तक शुद्ध हो जाएगी। इसके लिए यहां बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाएगा। मुंबई में भूमिगत मेट्रो मार्ग तैयार करने वाली कंपनी मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) यहां पौधरोपड़ करेगी। एमएमआरसीएल ने फॉरेस्ट डिवेलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ महाराष्ट्र (एफडीसीएम) के साथ मिलकर गोरेगांव में 9000 पौधे लगाने का निर्णय लिया है। पौधे लगाने के साथ ही एमएमआरसीएल ने दो साल तक पौधों की देखभाल करने का भी करार वन विभाग के साथ किया है। पौधरोपण इनॉर्बिट मॉल के करीब 3000 वर्ग मीटर क्षेत्र में किया जाएगा।

MMRCL लगाएगा 9,000 पौधे

एमएमआरसीएल के व्यवस्थापकीय संचालक रंजीत सिंह देओल के अनुसार, पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हमारी हरित योजना के तहत पौधरोपण मुहिम की शुरुआत की गई है। इस मुहिम के अंतर्गत तीन महीने में नीम, आंवला, बकुल, सीता अशोक, इमली, अर्जुन, बादाम आदि के 9000 पौधों का रोपण किया जाएगा।